दिनांक : 29.05.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार -----

- प्रधानमंत्री ने आज सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बिहार में कई विकास कार्यो की दी सौगात।
- देश में विकसित कृषि संकल्प अभियान की हुई शुरूआत, प्रदेश में भी कार्यक्रमों का आयोजन।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा प्रदेश में तीन नई रेल सेवाएं जल्द होगी शुरू।
- प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी, 11 जिलों के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट।

**प्रधानमंत्री- दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सिक्किम पश्चिम बंगाल और बिहार का दौरा किया। सिक्किम में श्री मोदी ने यहां कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में नामची जिले में सात सौ पचास करोड रूपये से अधिक मूल्य का पांच सौ बिस्तरों वाला एक नया जिला अस्पताल शामिल है। प्रधानमंत्री ने राज्य की स्थापना के 50 वर्ष के अवसर पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। श्री मोदी ने कार्यक्रम में को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। मौसम खराब होने के कारण वे गंगतोक नहीं जा पाये। प्रधानमंत्री ने कहा हमने सबका साथ सबका विकास पर बल दिया है।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में शहर आधारित गैस वितरण परियोजना की आधाशिला रखी। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित किया। शाम को प्रधानमंत्री बिहार के पटना पहुचे और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के

नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद पटना में श्री मोदी ने एक रोड शो में हिस्सा लिया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उनका अभिवादन किया।

**कृषि विकसित संकल्प अभियान**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने आज ओडिशा के पुरी से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा शुरू की गई यह ऐतिहासिक पहल, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर भागीदारी के माध्यम से भारतीय कृषि को बदलने तथा देश के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। 15 दिवसीय अभियान के दौरान श्री चौहान लगभग 20 राज्यों की यात्रा करेंगे। शुभारंभ अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिकों को लैब से लैंड तक लाना है।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रदेश**

प्रदेश में आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत हो गई है। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम हो रहे हैं जिनमें कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से संवाद कर रहे हैं।

खंडवा में उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के.सी. वास्कले ने बताया कि जिले की 135 ग्राम पंचायतों में 3 तकनीकी टीमें जाकर केन्द्रीय योजनाओं एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगी। आज खंडवा की 18 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम हो रहे हैं।

कटनी जिले में अभियान का संचालन आज से बंडा गांव में शुरू हुआ। जिले के सभी 6 विकासखंडों के लिए नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। राजगढ़ में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा को आज सांसद रोडमल नागर ने झण्डी दिखा कर रवाना किया। यात्रा का उद्देश्य प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करना है। रायसेन के

ग्राम नकतरा में अभियान का शुभारंभ प्राथमिक शाख सहकारी संस्था परिसर में हुआ।

**रेलवे- मध्य प्रदेश**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मध्य प्रदेश के लिए कई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। नई दिल्ली में आज श्री वैष्णव ने कहा कि रतलाम-नागदा रेलवे लाइन को चार लेन का बनाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्री वैष्णव ने कहा कि इससे पहले सरकार ने 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से मनमाड़-इंदौर नई रेल लाइन परियोजना, तीन हजार 514 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन तथा एक हजार 640 करोड़ रुपये की लागत से प्रयागराज-मानिकपुर तीसरी लाइन को मंजूरी दी थी। श्री वैष्णव ने बताया कि प्रदेश के लिए शीघ्र ही तीन नई रेल सेवाएं शुरू की जाएंगी।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रेल परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल-सऊदी अरब**

भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से सऊदी अरब को अवगत कराने और आतंकवाद का मुकाबला करने में निरंतर सहयोग के लिए विदेश मामलों के राज्यमंत्री **अदेल अल-जुबेर** से मुलाकात की।

**केले फसल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुरहानपुर जिले के गांवों में आंधी-तूफान और तेज बारिश के कारण केले की फसल के नुकसान को लेकर किसानों को चिंता को देखते  जिला प्रशासन को प्रभावित गांवों में फसल का सर्वे कर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में केला उत्पादन की दृष्टि से बुरहानपुर महत्वपूर्ण जिला है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसान बंधुओं को क्षति पूर्ति स्वरूप सहायता राशि दी जाएगी।

**पन्ना में मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पन्ना में 90 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी शामिल हुए, जहाँ 131 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना के समग्र विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि  केन बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से पन्ना जिले में विकास को तेज गति मिलेगी।

**मौसम**

नौतपा के दौरान भी प्रदेश के अधिकांश जिला में आंधी–बारिश जारी है। आज बैतूल, हरदा, छिन्दवाड़ा आदि जगहों में बारिश हुई। इस बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान खजुराहों में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने खंडवा, खरगोन, बालाघाट सहित 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 2 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से तेज बारिश की संभावना है।

**अमरनाथ यात्रा सुरक्षा**

केंद्र सरकार 3 जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्गों और आस-पास के इलाकों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात करने जा रही है। यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की कुल 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को क्षेत्र में पहले से तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 156 कंपनियों की तैनाती के लिए अधिकृत किया है। तैनात बलों को पवित्र गुफा की सुरक्षा, श्रद्धालुओं के जत्थों का प्रबंधन, संवेदनशील इलाकों पर नियंत्रण और बालतल तथा पहलगाम दोनों मार्गों पर निरंतर निगरानी का काम सौंपा

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- देवास में महाराणा प्रताप की 485 वी जयन्ती के अवसर पर आज विभिन्न आयोजनों के माध्यम से उन्हें याद किया गया।
- खंडवा में ग्राम आवलिया के तहत पंधाना थाना छैगाँवमाखन और थाना खालवा क्षेत्र अंतर्गत जिला पुलिस के तत्वाधान मे 15 दिवसीय किशोर बालक बालिकाओ के लिए शिविर का आयोजन किया गया।
- पन्ना टाइगर रिजर्व के उत्तर वन मंडल के अंतर्गत आने वाली उमरझाला बीट में एक बाघिन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।
- मुरैना में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर बाइक रैली निकाली गई।
  ।
- आई.पी.एल. क्रिकेट में आज शाम प्लेऑफ मैच के पहले क्वालीफायर में, पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।